an>

Title: Need to provide a special economic package from the Prime Minister's Special Relief Fund for the drought affected areas of Bihar.

श्री महेश्वर हज़ारी (समस्तीपुर): माननीय सभापति महोदय, बिहार राज्य कभी बाढ़ से और कभी सूखे से प्रभावित रहता है। बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने प्रधानमंत्री जी से मुलाकात करके सूखाग्रस्त क्षेत्र हेतु राहत कोष के लिये पांच हजार करोड़ रुपये की मांग की है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि शीघ्र पांच हजार करोड़ रुपया दिया जाये। वहां अमीर और गरीब में कोई विभेद नहीं है क्योंकि जितना गरीब तबाह है, उतना ही अमीर तबाह है। प्रत्येक परिवार को अनाज के रूप में राहत दी जानी चाहिये। मैं भारत सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि नेपाल से हमेशा नदियों से बाढ़ आया करती है। इसलिये भारत सरकार को नेपाल सरकार से तुंत बातचीत करनी चाहिये ताकि समझौता करके वहां हाई डैम बनाया जा सके। वहां विद्युत का उत्पादन हो सकेगा। इससे न केवल बिहार को बिजली मिलेगी बल्कि नेपाल सरकार को भी विद्युत बेची जा सकती है। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि बिहार सरकार को तुंरत पांच हजार करोड़ रुपया भेजा जाये.। जो किसानों की स्थिति है, जो चापाकल सूख गये हैं, वहां की बोरिंग सूख गई है, जो फसल किसान ने लगायी थी, वह सूख रही है। इसलिये मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि संसद सदस्यों के माध्यम से स्टेट टय़ूबवैल दिया जाये और चापाकल की व्यवस्था की जाये।